**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) और (ख). दिल्ली के सीमा-शुल्क निवारक कर्मचारियों ने 29 अप्रैल, 1974 को नई दिल्ली के रेलवे पार्सल कार्यालय से 19 पार्सल पकड़े जिन में टेलीविजन सेट, 4 टेपरिकार्डर, ट्रांजिस्टर सांश्लिष्ट वस्त्र तथा सचारित्र (करेमिग्स) रखे हुए थे। ये सभी वस्तुएं विदेशी मूल की थी और इन का मूल्य लगभग 2.73 लाख रु० था। इस बीच एक पार्टी ने दो पार्सलों का दावा पेश किया है जिनमें सचारित्र (कैपसिटर्स) रखे हुए थे। परन्तु शेष माल के बारे में अभी तक कोई दावा पेश नहीं किया गया है। मामले की आगे जांच पड़ताल की जा रही है।

### विकलांग व्यक्तियों की समस्याओं का अध्ययन करने हेतु विदेशों से आये छात्र

4134. **श्री महादीपक सिंह शाक्य** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विकलांग व्यक्तियों की समस्याओं सम्बन्धी अध्ययन करने के लिये कोलम्बो योजना के अन्तर्गत वर्ष 1972-73 में विदेशों से कुछ छात्र भारत आये थे ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी संख्या क्या है ?

**वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण)** : (क) और (ख) 1972-73 में नेपाल के एक प्रशिक्षार्थी को कोलम्बो योजना के अन्तर्गत यहां अन्धों के शिक्षकों के प्रशिक्षण केन्द्र में लगभग 10 महीनों के लिए प्रशिक्षण दिया गया था। इस प्रशिक्षण के दौरान 300 रुपये का मासिक स्टाइपेंड 200 रुपये का आउटफिट भत्ता, यात्रा भत्ता और फुटकर खर्च आदि दिया गया था।

### Local Persons Employed in Public Sector Undertakings in Korba (Madhya Pradesh)

4135. SHRI BHAGATRAM MANHAR: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government have issued instructions that in Public undertakings only local persons should be employed against the posts carrying the salary of Rs. 500/- P.M. and below; and

(b) the number of local persons employed in the Public Undertakings in Korba (M.P.), category-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K. R. GANESH): (a) and (b). Government's policy is to give maximum opportunities to local people in the lower posts under the Central Government Enterprises. To ensure this, Government have issued instructions requiring the Public Enterprises to make recruitment to all posts carrying a salary of Rs. 500 and below only through the local Employment Exchange; other sources may be tapped only if the Employment Exchange issues a "Non-availability Certificate".

In the larger interests of national integration, however, information about the regional origin of employees in public sector corporations is not maintained

### India's first free Port

4136. SHRI RAJDEO SINGH: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it has been decided that India's first free port be established in one of the Nicobar group of islands, and

(b) if so, whether techno-economic feasibility of the proposal has been examined?